हीटवेव के मद्देनजर अधिक सक्रियता से काम करें अधिकारी : सत्यानी

- जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने वीसी के माध्यम से दिए हीट वेव प्रबंधन, राजस्व परिवादों, वृक्षारोपण अभियान को लेकर दिए निर्देश
- एडीएम उत्तमसिंह शेखावत, सीईओ मोहनलाल खटनावलिया सहित अधिकारी रहे मौजूद

चूरू, (कासं.)। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने गुरुवार को जिला कलक्ट्रेट परिसर स्थित डीओआईटी वीसी सभागार में हीट वेव प्रबंधन के लिए छाया, पेयजल व बिजली आपूर्ति, राजस्व मामलों व वृक्षारोपण अभियान को लेकर सभी उपखंड अधिकारियों व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हीट वेव के दौरान आमजन को राहत देने के लिए सभी अधिकारीए कर्मचारी संवेदनशीलता रखते हुए जिम्मेदारी से दायित्वों का निर्वहन करें। अधिकारीए कर्मचारी अपने विभागीय दायित्वों के साथ नैतिक दायित्व निभाएं।

हीट वेव के दौरान बिजली व पेयजल आपूर्ति किसी भी प्रकार से बाधित न रहे तथा प्रयास करें कि किसी भी माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का यथाशीघ्र समाधान हो। बिजली व पेयजल आपूर्ति की समुचित सुनिश्चितता के लिए सभी अधिकारीए कर्मचारी अपने मोबाइल फोन ऑन रखें व आमजन की समस्याएं सुनें। किसी जगह पेयजल आपूर्ति बाधित होने पर कारणों का पता करते हुए निस्तारण करें तथा ग्राम विकास अधिकारी व पटवारी इसकी नियमित मॉनीटरिंग करें। इसी के साथ नहरबंदी के दौरान पेयजल आपूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर टैंकर व ट्यूबवेल आदि व्यवस्था प्रबंधित करें। बिजली आपूर्ति व्यवस्था का समुचित संचालन किया जाए तथा ट्रांसफॉर्मर आदि के जलने की घटनाओं के कारणों का पता कर समुचित प्रबंधन के साथ समाधान करें। नगर निकाय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जाए। शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों में पक्षियों के लिए परिंडे व पशुओं के लिए खेलियां आदि रखवाते हुए उनमें पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। राहगीरों व आमजन के लिए प्याऊ व मटके आदि रखें जाएं तथा उनमें नियमित तौर पर मॉनीटरिंग करते हुए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि चिकित्सा सेवाओं के लिए अस्पताल व चिकित्सा स्टाफ मुस्तैदी से काम करे। अस्पताल में आने वाले आईपीडी व ओपीडी मरीजों को समुचित जांचए दवाएं व चिकित्सकीय परामर्श मुहैया हो। मरीजों को अनावश्यक परेशान न होना पड़े। अस्पताल में पंखेए कूलर व एसी आदि संसाधन सुचारू रूप से काम करें। अस्पताल परिसर में साफ.सफाईए शौचालय व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए।

सत्यानी ने कहा कि दोपहर में भारवाहक पशुओं को काम में नहीं लिए जाने के लिए पशुपालकों को पाबंद किया जाए। इसी के साथ निराश्रित पशुओं को गौशालाओं में संधारित किया जाए एवं छायाए पानी व चारा आदि समुचित व्यवस्था की जाए। एडीएम उत्तमसिंह शेखावत ने राजस्व मामलों के बारे में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व मामलों में गैर जरूरी तौर पर कोई पेंडेंसी न रहे। राजस्व के सभी रिकॉर्ड मेंटेन करें। सभी जिला स्तर पर भिजवाए जाने वाले मामलों में स्पष्ट अभिशंषा की जाए। इसी के साथ रिकॉर्ड तलबी व तामील में स्पष्टता रखें व लगने वाले समय को कम करें।

सीईओ मोहनलाल खटनावलिया ने वृक्षारोपण अभियान के बारे में विस्तृत निर्देश देते हुए कहा कि प्लांटेशन प्लान तैयार करें तथा विभागवार पौधरोपण अभियान की रूपरेखा तैयार करते हुए सुनिश्चित करें कि पौधरोपण में स्थानीय नागरिकों व स्टाफ की अधिकतम सहभागिता हो। इसी के साथ वृक्षारोपण के लिए पूर्व तैयारी की जाए। इस दौरान चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह, डॉ हनुमान जयपाल, पीएचईडी एसई रमेश राठी, डिस्कॉम एसई वीआई परिहार, एपीआरओ मनीष कुमार, चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा, बीसीएमओ डॉ जगदीश भाटी, दीपक शर्मा, सुरेश कुमार सहित वीसी के माध्यम से सभी उपखंडों से अधिकारी, कर्मचारी जुड़े रहे।

धर्मशालाओं का अधिग्रहण किया

सीकर, (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने आदेश जारी कर लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए मतगणना 4 जून.2024 को श्री कल्याण कन्या महाविद्यालय, सिल्वर जुबली रोड़, सीकर में होनी नियत है। लोकसभा आम चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुऐ जिला मुख्यालय पर विधानसभा क्षेत्रवार मतगणना दलों के कार्मिकों के ठहरने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोंग करते हुए जिला मुख्यालय, तहसील मुख्यालय पर धर्मशालाओं, भवनों, आवासीय परिसरों को मय आवश्यक सुविधाओं के साथ 3 जून 2024 सायं से 5 जून 2024 सुबह तक अधिग्रहण किया गया है।

आदेशानुसार चौमूं (43),लक्ष्मणगढ़ (33) चौकड़ी का विश्राम गृह, बजाज रोड़, सीकर, घोद (34), सीकर (35) राजकीय अम्बेडकर हॉस्टल द्वितीय, आर. टी.ओ. ऑफिस के पास, सीकर, दांतारामगढ (36),खण्डेला (37)राजकीय अम्बेडकर हॉस्टल प्रथम, आर. टी.ओ के पास, सीकर, नीमकाथाना (38), श्रीमाधोपुर (39) राजकीय अम्बेडकर हॉस्टल पिपराली को अधिकृत किया गया है।

योजनाओं में अनुदान व लाभ के लिए संस्था आधार योजना में पंजीकरण अनिवार्य

- संस्था आधार पोर्टल पर पंजीयन के संबंध में अधिक जानकारी के लिए आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के राज्य, जिला, ब्लॉक स्तर के अधिकारीयों से सम्पर्क किया जा सकता है

सीकर, (निसं)। जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने जिला स्तरीय अधिकारी सीकर समस्त, उपखण्ड अधिकारी सीकर समस्त, आयुक्त नगरपरिषद सीकर, फतेहपुर, अधिशाषी अधिकारी न.पा. समस्त को निर्देशित किया कि राज्य के समस्त विभागों, बोर्डों,निगमों, स्वायत्तशाषी, सरकारी, गैर सरकारी संस्थाओं, निजी उधमों को उनके द्वारा किसी भी प्रकार के अनुदान, लाभ, सेवाऐं लेने या देने से पूर्व संस्था आधार योजना में पंजीकरण करवाने के लिए निर्देशित किया गया था। पंजीकरण करने के लिए पंजीयन प्रक्रिया संस्था आधार पोर्टल...के बटन पर उपलब्ध है। पूर्व में भी आपके विभाग में स्वयं के कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों का संस्था आधार पोर्टल पर पंजीयन करवाने के लिए आपको निर्देशित किया गया था, किन्तु अभी तक कार्यालयों का संस्था पोर्टल पर पंजीयन की स्थिति अपेक्षा अनुसार नहीं है।

संस्था आधार पंजीयन के लिए जिला स्तर पर उपनिदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग को संस्था आधार पंजीयन के लिए पदेन अतिरिक्त जिला संस्था आधार रजिस्ट्रार तथा पंचायत समिति पर ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी को पदेन ब्लॉक संस्था आधार रजिस्ट्रार अधिकृत किया गया है। संस्था आधार पोर्टल पर पंजीयन के संबंध में अधिक जानकारी के लिए आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के राज्य, जिला, ब्लॉक स्तर के अधिकारीयों से सम्पर्क किया जा सकता है।

आदेशानुसार सुदेश कुमार संयुक्त निदेशक राज्य स्तर फोन नम्बर 0141-2580212, राजीव चौधुरी सहायक निदेशक राज्य स्तर 0141-2850213, डॉ. अनिल कुमार शर्मा उप निदेशक जिला स्तर 9460402951, सरजीत सिंह मावलिया सहायक सांख्यिकी अधिकारी जिला स्तर 7737424577, विपिन पारीक सहायक प्रोग्रामर जिला स्तर 9636317501, रमेश कुमार शर्मा ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी ब्लॉक फतेहपुर 9024223528, महेन्द्र सिंह पुनिया ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी ब्लॉक लक्ष्मणगढ 9982918388, अन्जली सैनी ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी ब्लॉक पिपराली 9694454860, रमेश कुमार ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी ब्लॉक धोद 9829458335, मनु काला ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी ब्लॉक दांतारामगढ 7891485598,संजय कुमार लाटा ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी ब्लॉक खण्डेला 8209214505,सोहन लाल रैगर ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी ब्लॉक श्रीमाधोपुर 9079675986, महेन्द्र सिंह यादव ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी ब्लॉक नीमकाथाना 9950976805, बनवारी लाल मेव ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी ब्लॉक पाटन 9414744029 के है।

समस्त जिला स्तरीय अधिकारीयों को निर्देशित किया है कि आपके विभाग में स्वयं के कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों का संस्था आधार पोर्टल पर पंजीयन करवाने की कार्यवाही शीघ्र करवाने का श्रम करावें।

कवि सुधींद्र सुधी 'साथी सम्मान' से सम्मानित

चूरू, (कासं.)। हिंदी साहित्य संसद चूरू द्वारा साथी परिवार के सौजन्य से काव्य गोष्ठी एवं साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन नगर श्री के सभागार में संपन्न हुआ।

यहां दामोदर गौतम की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में मदनलाल चोटिया मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर चूरू के जाने माने साहित्यकार एवं कवि सुधींद्र सुधी को साथी सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। यहां हिंदी साहित्य संसद के अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा खामोश और राम अवतार साथी के अनुज मदन लाल शर्मा ने भी मंच साझा किया। सभी मंचस्थ जनों ने सबसे पहले साथी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित किया और पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात मंगल भारती ने मंगलाचरण किया। मंचस्थ जनों एवं साथी परिवार के सदस्यों ने मिलकर सुधींद्र को श्रीफल भेंट किया, शाल ओढ़ाया, प्रतीक चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। खामोश ने सुधींद्र के व्यक्तित्व और कृत्तित्व पर प्रकाश डाला। वहीं दामोदर गौतम और मदन लाल चोटिया ने राम अवतार साथी के साथ अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में हुई काव्य गोष्ठी में मंगल भारती, हरिसिंह, विष्णु शर्मा, विजय कान्त, दीपक कामिल, ओम प्रकाश तंवर, पुरुषोत्तम चांद, अब्दुल मन्नान, मख्दूम बिसाऊवी, इदरीश खत्री राज और बनवारी लाल शर्मा खामोश आदि कवियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी और श्रोताओं को बांधे रखा। साथी परिवार की तरफ से कार्यक्रम में शामिल हुए एक विशेष अतिथि सत्येन्द्र शर्मा का संसद के अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा खामोश ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

तेज गर्मी के चलते ट्रांसफार्मर में लगी आग

चूरू, (कासं.)। शहर की नई सड़क पर गुरुवार दोपहर तेज गर्मी के चलते बिजली के ट्रांसफॉर्मर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते चिनगारी ने आग का रूप धारण कर लिया। बीच बाजार हुए हादसे को देखकर लोगों की भीड़ लग गई। मौके पर पहुंची नगर परिषद ने आग पर काबू पाया।

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि दोपहर करीब साढ़े तीन बजे नई सड़क पर भालेरीवाला की दुकान के पास सड़क पर लगे बिजली के ट्रांसफॉर्मर में गर्मी के कारण ट्रांसफॉर्मर हो गया। जिससे ट्रांसफॉर्मर से चिंगारी उठने लगी। थोड़ी ही देर में चिनगारी आग की लपटों में बदल गई। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी नगर परिषद अधिकारियों को दी। जिसके चलते तुरन्त मौके पर दमकल पहुंची।

पानी के लिए महिलाओं ने लगाया जाम

पाटन, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत बल्लुपुरा के राजस्व ग्राम मोहनपुर खरखड़ा की महिलाओं ने पानी को लेकर रामपुरा- पाटन सड़क पर खाली बर्तन रख कर जाम लगा दिया। महिलाओं का कहना था कि प्रशासन को बार-बार अवगत करवाया गया उसके बावजूद भी प्रशासन द्वारा हमारी समस्या की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया, जबकि जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा हर घर को पानी उपलब्ध कराने की योजना बनाई है। उसके बावजूद भी विभाग इस योजना को महज कागजों में समेटने में लगा हुआ है। जिला कलेक्टर शरद मेहरा ने भी विभागीय अधिकारियों को बिजली, पानी के लिए पाबंद किया है, परंतु दोनों विभाग कलेक्टर के आदेशों की हवा निकालने में लगे हुए है। ग्रामीणों ने बताया कि भयंकर गर्मी में जहां पानी की आवश्यकता बढ़ जाती है वहीं पानी के लिए मारे मारे फिरना पड़ रहा है, या मोल का पानी महंगे दामों में लेना पड़ रहा है।

पानी के टैंकर ग्राम पंचायत के अधीनस्थ नहीं होने से मुझे पूरी जानकारी नहीं है, लेकिन टैंकर अवश्य आ रहे हैं, तथा जलदाय विभाग के कनिष्क अभियंता के पास पूरी लोकेशन है।

हवा सिंह सरपंच ग्राम पंचायत बल्लूपुरा, पंचायत समिति पाटन राजस्व ग्राम मोहनपुर में चार पानी के टैंकर सप्लाई किए जा रहे हैं, परंतु आमजन अपने मकान के पास टैंकर को खड़ा करवाना चाहता है, जिसके चलते महिलाओं ने अपना विरोध प्रकट किया था। महिलाओं को समझा दिया गया है तथा टैंकर वाले को भी कह दिया है, पानी सबको मिलेगा।

नव्या सैनी का अभिनंदन किया

उदयपुरवाटी, (निसं)। गौरियां धनावता निवासी मुकेश कुमार सैनी की बेटी नव्या सैनी के द्वारा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की ओर से कक्षा 12 वीं कला संकाय के घोषित परीक्षा परिणाम में 96.60 अंक प्राप्त करने पर ग्रामवासियों ने पुष्प माला-साफा पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मान किया। अभिनंदन समारोह में नव्या सैनी ने कहा कि आगे मेरा मुख्य लक्ष्य आईएएस बनना है, इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मेरी कठिन मेहनत नियमित रूप से जारी है। नव्या सैनी ने इस सर्वोत्कृष्ट परीक्षा परिणाम की सफलता का श्रेय मम्मी- पापा, चाचा कमलेश कुमार सैनी व शिक्षकों को दिया है। नव्या सैनी की विद्यालयी शिक्षा नवलगढ़ में स्थित सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बलवंतपुरा से पूर्ण हुई है। इस अवसर पर एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा कि नव्या सैनी की इस कामयाबी से क्षेत्र की हजारों बालिकाओं को प्रेरणा मिलेगी।

सार-समाचार

पक्षियों के लिए परिंडे लगाए

सीकर, (निसं)। जेठ महीने की आहट और तापमान पैंतालीस डिग्री से ऊपर होने के बीच सूर्य देव रौद्र रूप धारण करने लगे हैं। तपिश में पेड़-पौधे और जीव-जंतु तक झुलसते हुए दिखाई देने लगे हैं। बेजुबान पशुओं को इधर से उधर भटकते हुए देखा जाने लगा है। प्रियंक जैन ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और पृथ्वी के समुचित विकास में प्राणी के साथ-साथ पशु पक्षियों की भी अहम भूमिका है। भीषण गर्मी में पशु पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था पुण्य कार्य है पर्यावरण को बचाने का अर्थ परिंदों को बचाना भी है। परिंदे प्रकृति के दूत हैं,इसीलिए वे हमें और हमारे पर्यावरण दोनों को संवारते हैं इन पशु-पक्षियों के लिए भीषण गर्मी के चलते सीकर के रामलीला मेदान कृषि मंडी आदि स्थान पर पक्षियों के लिए परिंडे लगाए। इस दौरान पारस सेठी बधाल वाले,आलोक काला,जय कुमार छाबड़ा प्रियंक जैन,प्रदीप अग्रवाल रलावता वाले और फल विक्रेता अब्दुल रशीद,मोहम्मद फारूक,मोहम्मद इमरान,मोहम्मद फरहान,मोहम्मद जाकिर आदि उपस्थित थे ।और अब्दुल रशीद ने कहा कि छतीस कॉम का कार्य है पक्षियों को संरक्षण देना संरक्षण तभी प्रकृति बचेगी साथ ही प्रत्येक व्यक्ति को नियमित पानी डालने का संकल्प लिना चाहिए।

'नानी बाई का मायरा कथा सुनकर श्रोताओं की आंखों से आए आंसु'

पाटन, (निसं)। नीमकाथाना छावनी में बिहारी बालाजी मित्र मण्डल के तत्वावधान में आयोजित 7 दिवसीय नानी बाई का मायरा कथा में गुरुवार को चौथे दिन कथावाचक रणवीर भाई शेखावाटी वाले ने नरसी भक्त अपने साथियों के साथ मायरा भरने के लिए रवाना हुए प्रसंग पर भक्तों को कथा सुनायी। जब नानी बाई ने अपने पिता भक्त नरसी को मायरे की कुमकुम पत्री भेजी, तो वे ठाकुर जी के भरोसे अपने संग साथियों के साथ नानी बाई का मायरा भरने के लिए रवाना हुए। कथा के दौरान गाड़ी में बिठाले रे बाबा.., सावरों आसी .. जैसे भजनों से सांवरे सेठ को रिझाया। कथा वाचक ने कहा कि भगवान अपने भक्तों पर कब कृपा कर दें यह निश्चित नहीं है। लेकिन संतों की कृपा हो जाए तो भगवान को अपने भक्तों पर निश्चित कृपा करनी पड़ती है। कथा में गुरुवार को एडवोकेट गोपाल शर्मा, हिमांशु शर्मा, दीपक गुप्ता, बंजरग मीणा, सुनिल जिन्दल, राजू गणपति, नन्दलाल सैनी, उत्तम अग्रवाल, भगवान सहाय सैनी, श्रीराम, प्रहलाद सैन, रमेश गोयल भूदोली वाले सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाओं एवं पुरुषो ने कथा में भाग लिया।

डॉ. कुलदीप सिंह महरोक को मातृ शोक

चूरू, (कासं.)। फिल्म अभिनेता एवं चिकित्सक डॉ. कुलदीप सिंह महरोक की माता महिन्द्र कौर का निधन हो गया है। वे 90 वर्ष की थीं। पिछले दिवस यहां उनका अंमित संस्कार किया गया। उनके निधन पर कलाकारों, चिकित्सकों एवं विभिन्न सामाजिक कार्यकर्त्ताओं ने शोक व्यक्त किया है।

दिल्ली जा रही निजी बस ने पीकअप को टक्कर मारी

- हादसे में पीकअप में सवार युवक की मौत
- पांच बहन-भाईयों में सबसे छोटा था मृतक

खेतड़ी,(निसं)। खेतडी उपखंड के बसई के पास गुरूवार सुबह दिल्ली जा रही एक निजी बस ने पिकअप को टक्कर मार दी। इस दौरान हादस में पीकअप में सवार एक युवक की मौत हो गई। पिकअप ड्राइवर कन्हैयालाल ने बताया कि वह शादियों में टैंट लगाने का काम करते हैं।

सुबह वह पिकअप गाड़ी में टैंट का सामान लेकर बसई से बांसियल जा रहे थे। जब वह बसई से निकले तो गुढा से दिल्ली जा रही निजी बस ने पिकअप गाड़ी को टक्कर मार दी। इस दौरान हादसे में पिकअप में सवार बिहारीपुर डाबला निवासी महेश कुमार (30) पुत्र रोहिताश बलाई घायल हो गया। हादसे में घायल महेश कुमार को खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक महेश कुमार अविवाहित था तथा पांच बहन भाईयों में सबसे छोटा था। पिता की काफी समय पहले मौत हो चुकी है। वह टैंट लगाने की मजदूरी करता था। हादसे की सूचना पर मेहाड़ा थानाधिकारी राजवीर सिंह शेखावत मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे तथा घटना के बारे में जानकारी जुटाई। हादसे में बस व पिकअप गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

थानाधिकारी राजवीरसिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है। उनके आने के बाद राजकीय उप जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। बस व पिकअप गाड़ी को जब्त कर थाने में खड़ा करवाया गया है। मामले की पूरी जानकारी जुटाकर मृतक के परिजनों की ओर से दी जाने वाली रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

चूरू नगरपरिषद कर रही लापरवाही!

चूरू, (कासं.)। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देशानुसार हीट वेव प्रबंधन के तहत चूरू नगरपरिषद द्वारा भंयकर लापरवाही बरती जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार चूरू में आज अधिकतम तापमान 47.0 डिठी सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 31.4 डिठी सेल्सियस दर्ज हुआ है। पिछले दिवस की तुलना में आज अधिकतम तापमान में 0.4 डिठी सेल्सियस की गिरावट आई है। साथ ही न्यूनतम तापमान भी 0.2 डिठी सेल्सियस गिर गया है। यहां नगरपरिषद में उल्टी बुद्धि वालों ने आज कुछ सड़कों पर पानी का छिड़काव करवाया है। आयुक्त अभिलाषा सिंह के अनुसार भीषण गर्मी को देखते हुए नगरपरिषद द्वारा पक्षियों के लिए परिषद कार्यालय स्थित पार्क में 15 परिण्डे तथा शहर के 14 पार्कों में प्रति पार्क 10 परिण्डे सहित कुल 140 परिण्डे लगाये गये है।

12वीं का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम

- सुनील शर्मा ने प्राप्त किया 95 प्रतिशत से अधिक अंक

सीकर, (निसं.)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सावलोदा पुरोहितान का 12वीं कक्षा का विज्ञान, कृषि एवं कला संकाय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

प्रधानाचार्य शिवपाल सिंह ने बताया की विज्ञान वर्ग में छात्र सुनील शर्मा ने 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्रा मोनिका ने 88 प्रतिशत व निकिता शर्मा ने 81.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने बताया की विज्ञान एवं कृषि वर्ग में सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं।

उन्होंने बताया की कला वर्ग में छात्रा निकिता ने 82.40 प्रतिशत, संदीप कुमार ने 81.49 प्रतिशत व बबीता ने 80.80 प्रतिशत प्राप्त किए। उन्होंने बताया की कला वर्ग में 16 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से एवं 6 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए है। इस अवसर पर विद्यालय में छात्रों का सम्मान समारोह रखा गया।

सम्मान समारोह में सरपंच रुपाराम ढाका, खुमाराम गढ़वाल, रामेश्वर लाल, प्रहलाद राय शर्मा सहित अभिभावक उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवपाल सिंह ने छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन उप प्रधानाचार्य शक्ति सिंह व बालकृष्ण वर्मा द्वारा किया गया।

110 गरीब परिवारों लड़कियों की शादी में सहयोग किया

तारानगर, (निसं)। तारानगर के उपभोक्ता समस्या निवारण संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष की प्रेरणा से, तारानगर के धूरिना ऑनलाइन एप व सुभाष गुरुकुल के संचालक सुभाष चारण के सौजन्य से 21 गांवो की 110 गरीब परिवारों लड़कियों की शादी में सहयोग किया। जानकारी अनुसार गांव उड़सर, आलपालसर, बुकनसरा, गाजूसर, गिड़गिचिया, हरियासर, कलूसर, कालू, गाजसर, रूपलीसर आदि 21 गांव की 110 गरीब लड़कियों की शादी में सहयोग किया गया।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 13.06.2024 को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **(1) निविदा संख्या:** 20, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मण्डल इंजीनियर/लाईन, बीकानेर के क्षेत्राधिकार में पानी भराव क्षेत्र में स्थित आरयूबी से पानी निकालने का कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹ 3005856.42/- **धरोहर राशि:** ₹60100.00/- **(2) निविदा संख्या:** 21, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मण्डल इंजीनियर, उ.प.रेलवे, रतनगढ़ के अधीन सादुलपुर-रतनगढ़ खण्ड पर 60 केजी (थिक वेब स्विच + सीएमएस क्रॉसिंग) 15 नम्बर टर्न आउट का थ्रू टर्न आउट रिन्यूअल करना। **अनुमानित लागत:** ₹ 2578456.46/- **धरोहर राशि:** ₹ 51600.00/- **नोट:** अन्य शर्तें रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 599-DK/24

हमें NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

हीट वेव को देखते हुए पालिका ने सड़कों पर पानी डलवाया

तारानगर, (निसं)। हीट वेव के बढ़ते प्रकोप पर नियंत्रण हेतु राज्य सरकार व जिला कलेक्टर के आदेशानुसार तारानगर में नगरपालिका द्वारा नगरपालिका कार्यालय से अंबेडकर सर्किल तक सड़कों पर पानी के टैंकर से पानी का छिड़काव करवाया, क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर बनी पशुओं के पीने के पानी की खेळ भरवायी व सार्वजनिक स्थानों पर सीमेंटेड खेळ रखवाई गई एवं विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए परिंडे लगवाए गए। इस मौके पर अनिल कुमार, गोपालराम, नितेश उपाध्याय, राजेंद्रसिंह, पवन कुमार सोलंकी, कल्याणसिंह, कृष्ण भांभू आदि पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कार्यों का समय 5:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक किया

सीकर, (निसं)। अतिरिक्त आयुक्त प्रथम ईजीएस जुगल किशोर मीणा ने बताया कि महात्मा गांधी नरेगा अधिनियम 2005 के अनुसार 8 घण्टे की कार्य अवधि मय 1 घण्टे के विश्राम काल के निर्धारित है।

राज्य में गर्मी के मौसम को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा कार्यों का समय प्रात: 6 बजे से दोपहर 1 बजे (विश्राम काल रहित) करने के निर्देश जारी किये गये थे। राज्य में प्रचण्ड गर्मी (तापमान) के दृष्टिगत योजनान्तर्गत कार्यों का समय प्रात: 5:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक (विश्राम काल रहित) किया जाता है। यदि कोई श्रमिक समूह समय से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है, तो वह किये गये कार्य की माप, मेट के पास उपलब्ध मस्टररोल में अंकित टारक प्रपत्र में करवाने व समूह मुखिया के हस्ताक्षर उपरान्त प्रात: 10:30 बजे के पश्चात (एनएमएमएस की निर्धारित प्रकियानुसार दूसरी पारी की हाजिरी अंकन उपरांत) कार्य स्थल छोड़ सकता है। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था 15 जुलाई 2024 तक प्रभावी रहेगी। इसके उपरान्त कार्यों का समय जिला कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक (ईजीएस) स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए अधिनियम के प्रावधान के तहत अपने स्तर से निर्धारित कर सकेंगे।